**एक नजर**

## एनआईटी में सिविल इंजीनियरिंग करेंगे अरमान ठाकुर


अरमान ठाकुर

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भांबला के रोपाथाथर गांव के होनहार छात्र अरमान ठाकुर ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जेईई मेन्स-2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में सिविल इंजीनियरिंग की सीट प्राप्त की है। खास बात यह है कि अरमान ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग संस्थान या विशेष गाइडेंस के हासिल की, जिससे उनकी उपलब्धि और भी प्रेरणादायक बन गई है। अरमान ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर और मीनाक्षी के इकलौते पुत्र हैं। उनके पिता नरेंद्र ठाकुर एक निजी कंपनी (एमसीए कंपनी) में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अरमान ने स्वयं अध्ययन और नियमित अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया। अरमान ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दसवीं कक्षा तक कला मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बतैल से प्राप्त की।

## नुक्कड़ नाटकों से जागरूक किए जाएंगे लोग

**सुंदरनगर।** अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध फोक मीडिया समूह अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगे। अभियान के दौरान लोगों को नशा निवारण, सामाजिक जागरूकता तथा प्रदेश सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि मंडल सुंदरनगर में शांगल म्यूजिकल ग्रुप, गुलाड (चच्योट) द्वारा 21 जुलाई को ग्राम पंचायत रोहांडा में प्रातः 11 बजे तथा ग्राम पंचायत झुंगी में दोपहर 2 बजे सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## कलाकार जनकल्याणकारी योजनाओं पर जगाएंगे अलख

**जोगिंद्रनगर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मंडी जिला में चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष प्रचार अभियान के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अब गांव-गांव पहुंचाई जा रही है। अभियान के अंतर्गत विभाग से संबद्ध नाट्य दल गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से अवगत करा रहे हैं। अभियान के दौरान विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं, नशा निवारण, चिट्टा मुक्त हिमाचल-नशामुक्त मंडी अभियान तथा अन्य महत्वपूर्ण सरकारी उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के तहत 20 जुलाई को प्रातः 11 बजे जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सगनेहड़ के गांव सगनेहड़ तथा दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत लड़भड़ोल के गांव भड़ोल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप बरोटी गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा।

## 20 जुलाई को होगा जनरल हाउस

**टीहरा।** स्वामी विवेकानंद किसान क्लब, टीहरा की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक क्लब अध्यक्ष ठाकुर युद्धवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्लब की आगामी गतिविधियों एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई (सोमवार) को क्लब का जनरल हाउस आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है, ताकि महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सामूहिक रूप से निर्णय लिया जा सके अध्यक्ष ठाकुर युद्धवीर सिंह ने बताया कि जनरल हाउस में क्लब का पुराना आय-व्यय एवं लेखा-जोखा सदन के पटल पर रखा जाएगा, जिससे सभी सदस्य संगठन की वित्तीय एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर सकें।

## वन संरक्षण व नशा मुक्ति का लिया संकल्प

**जोगिंद्रनगर।** वन मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा संचालित जन-जन का वृक्ष अभियान के तहत शनिवार को शानन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के कर्मचारियों के साथ स्थानीय महिला मंडल, पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर, नगर परिषद पार्षद तथा प्रेस क्लब जोगिंद्रनगर के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन मंडल अधिकारी अश्वनी शर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना, हरित आवरण बढ़ाना तथा लोगों को वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वन मंडल जोगिंद्रनगर के छह वन परिक्षेत्रों में 6 जुलाई से 15 अगस्त तक जनसहभागिता के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। यदि लोगों का सहयोग इसी तरह मिलता रहा तो अभियान को 31 अगस्त तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 30 से 35 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## धर्मपुर में 21 और 28 जुलाई को विशेष प्रचार अभियान

**धर्मपुर।** राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ अन्य जनकल्याणकारी नीतियों, नशा निवारण अभियान, विशेष रूप से चिट्टा मुक्त हिमाचल-नशामुक्त मंडी जन-जागरूकता अभियान तथा सरकार की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जिला मंडी में 10 दिवसीय विशेष प्रचार अभियान चलाया जाएगा। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि 21 जुलाई को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव स्योह ग्राम पंचायत स्योह में सुबह 11 बजे तथा गांव लंगेहड़ ग्राम पंचायत लंगेहड़ में दोपहर दो बजे विशेष प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में 28 जुलाई को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव रखेड़ा ग्राम पंचायत सरस्काण में सुबह 11 बजे तथा गांव कौहन ग्राम पंचायत पीपली में दोपहर दो बजे विशेष प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## शिव महापुराण कथा के रसपान से श्रद्धालु भाव-विभोर


सरकाघाट: शिव महापुराण कथा का श्रवण करते श्रद्धालु

**सरकाघाट।** शिव मंदिर सरकाघाट में श्रावण मास के उपलक्ष्य में आयोजित शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान हर-हर महादेव और भगवान शिव के जयकारों से पूरा सरकाघाट भक्तिमय नजर आया।आचार्य पंडित जितेन्द्र सांख्यान ने शिव महिमा और शिव-पार्वती की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति केवल पूजा-पाठ का नाम नहीं, बल्कि विश्वास, समर्पण और वैराग्य से जुड़ा भाव है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और वैराग्य के बिना भक्ति निष्फल है। कथा दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हो रही है। कमेटी संचालक महंत श्री लक्ष्मी नारायण गिरि ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

## कोटली फीडर में आज बिजली बंद

**मंडी।** 19 जुलाई को 22 केवी कोटली फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों कोटली बाजार, कसाण, टांडू, अरन्याणा, सलेतर, चलहर, सकस्वाल, बलाहर, समराहण, हार्ट, गुजरा-रोपड़ू, धन्यारा, सुराड़ी, डंढाल तथा आसपास के गांव की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सायं पांच बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल साइगलू के सहायक अभियंता विनीत कुमार ने बताया कि 19 जुलाई को 22 केवी कोटली फीडर आंशिक रुप से बंद रखा जाएगा, ताकि उपरोक्त फिडर की आवश्यक मरम्मत तथा इसके रख.रखाव का कार्य किया जा सके।


# तीन साल से नहीं हटाया गया मलबा

## विकास के दावों पर भाजपा ने उठाए सवाल, जनता को गुमराह करने के आरोप

**निजी संवाददाता- धर्मपुर**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर भाजपा ने विधायक चंद्रशेखर और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं धर्मपुर से भाजपा प्रत्याशी रह चुके रजत ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि धर्मपुर में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। रजत ठाकुर ने कहा कि यदि वास्तव में धर्मपुर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो रहे हैं, तो विधायक यह स्पष्ट करें कि वर्ष 2023 की आपदा के दौरान सड़कों के किनारे जमा हुआ मलबा आज तक क्यों नहीं हटाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर केवल घोषणाएं की जा रही हैं, जबकि जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में यदि कोई बड़ा कार्य दिखाई दे रहा है तो वह धर्मपुर से बहरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण है। उनका आरोप है कि इस कार्य के दौरान निकले करोड़ों रुपये मूल्य के चट्टानी पत्थरों से केवल कुछ लोगों को लाभ पहुंचा है, जबकि आम जनता को इसका कोई फायदा नहीं मिला। भाजपा नेता ने कहा कि यदि क्षेत्र में विकास हुआ होता तो सन्दौल क्षेत्र के लोग अपनी मांगों को लेकर पिछले 20 दिनों से धरने


सरकाघाट: सड़क पर गिरा मलबा

पर बैठने को मजबूर नहीं होते। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 90 प्रतिशत तैयार मढ़ी अस्पताल आज भी बिजली कनेक्शन के अभाव में जनता की सेवा शुरू नहीं कर पाया है। रजत ठाकुर ने आरोप लगाया कि स्याठी में पिछले वर्ष बेघर हुए परिवारों का अब तक पुनर्वास नहीं हो सका, जो स्थानीय विधायक और प्रदेश सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र की अधिकांश सड़कें बदहाल हैं और गड्ढों को केवल मिट्टी डालकर भरा जा रहा है। साथ ही अस्पतालों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में केवल सत्ता से जुड़े लोगों का विकास हुआ है, जबकि आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। रजत ठाकुर ने दावा किया कि आगामी चुनाव में धर्मपुर की जनता विकास के दावों का जवाब अपने मतदान से देगी।

## पद्धर की दो बेटियों और एक बेटे ने पास की नीट परीक्षा


कृति


कृष

**स्टाफ रिपोर्टर- पद्धर**

उपमंडल पद्धर क्षेत्र के गांव नारला के जुड़वां भाई बहन कृष, कृति और करनाल कुफरी की बेटी पल्लवी ने नीट की परीक्षा पास की है। दोनों बेटियां एमबीबीएस की पढ़ाई कर डाक्टर बनेंगी। वहीं कृष बीडीएस की पढ़ाई करके डेंटल डाक्टर बनेंगे। नारला की कृति पुत्री मनोज कुमार ने नीट परीक्षा मे 720 में से 619 अंक प्राप्त किए हैं। करनाल कुफ्री की बीटिया पल्लवी ठाकुर पुत्री हेम सिंह माता मीरा देवी हाल ही में जमा दो की परीक्षा 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उर्तीण कर पास आउट हुई है। नीट परीक्षा की तैयारी उसने मंडी में कोचिंग लेकर 581 अंक से उर्तीण की है। पल्लवी के पिता हेम सिंह शिक्षक हैं और माता मीरा देवी गृहिणी है। नारला निवासी जुड़वां भाई बहन कृष और कृति के पिता मनोज कुमार भारतीय सेना में कार्यरत थे जो गत वर्ष ही सेवानिवृत होकर वापस घर लौटे हैं। माता चंपा देवी गृहिणी हैं। पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, क्षेत्र के विधायक पुर्ण चंद ठाकुर, पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने तीनों बच्चों की नीट की परीक्षा उर्तीण करने पर बधाई दी है।

## लॉर्ड्स कॉन्वेंट की तीन छात्राएं टॉप-15 में



**सरकाघाट।** सरकाघाट की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए क्षेत्र का नाम पूरे हिमाचल में रोशन किया है। लॉर्ड्स कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल सरकाघाट की तीन छात्राओं ने दसवीं कक्षा के पुनर्मूल्यांकन के बाद घोषित परिणामों में हिमाचल प्रदेश की टॉप-15 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है। स्कूल की छात्रा निवेदिता गुप्ता ने 700 में से 690 अंक हासिल कर प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया। वहीं ध्रुविका ठाकुर ने 689 अंक लेकर 11वां स्थान और विभूति शर्मा ने 686 अंक लेकर प्रदेश में 14वां स्थान हासिल किया। तीनों छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल परिसर के साथ-साथ उनके परिवारों में भी खुशी का माहौल है। लॉर्ड्स कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल की तीन छात्राओं का प्रदेश की टॉप-15 मेरिट सूची में शामिल होना सरकाघाट के लिए भी गर्व का विषय माना जा रहा है।

## 31 जुलाई तक करें आवेदन

**मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडोह के प्रधानाचार्य ने बताया कि आगामी सत्र 2027-28 के लिए विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए बकायदा एक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से ही मेधावी छात्रों का चयन होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाइ निर्धारित की गई है। प्रधानाचार्य ने जिला मंडी के ऐसे सभी अभिभावकों से समय रहते आवेदन करने का आग्रह किया है, जिनके बच्चे इस समय पांचवीं कक्षा में पढ़ रहे हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए केवल वही छात्र पात्र माने जाएंगे जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में मंडी जिला के किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर-सरकारी स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ रहे हों।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बढ़ी उम्मीदें

**मंडी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज किए जाने के बाद शिक्षा विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष किए जाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसी क्रम में राज्य स्तरीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश ने प्रदेशाध्यक्ष भूद्दू राम के नेतृत्व में उपायुक्त मंडी के माध्यम से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजकर सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मांग उठाई है।

## सीएपीएफ परीक्षा आज, केंद्रों के पास धारा 163 लागू

**मंडी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा-2026 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मंडी प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत विशेष आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 19 जुलाई को परीक्षा अवधि के दौरान लागू रहेगा। उपमंडलाधिकारी (ना.) सदर मंडी चंद्र प्रकाश ने बताया कि मंडी उपमंडल में परीक्षा के लिए दो केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी (001) तथा राजकीय वल्लभ डिग्री कॉलेज, मंडी (002) शामिल हैं। परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दोनों केंद्रों के आसपास कई गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। आदेशों के अनुसार 19 जुलाई को दोनों परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैलियां, नारेबाजी तथा हड़ताल आयोजित नहीं की जा सकेगी।

## जर्जर डंगे से ग्रामीणों में दहशत, निर्माण की मांग

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर की ग्राम पंचायत तुलाह में तुलाह-कोठी संपर्क सड़क के समीप स्थित डंगा जर्जर हालत में पहुंच चुका है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि डंगा कभी भी ढह सकता है और इससे किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों तथा अन्य राहगीरों का आवागमन रहता है। ऐसे में डंगे की बदहाल स्थिति लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। ग्राम पंचायत तुलाह के प्रधान पान सिंह तथा उपप्रधान होशियार सिंह ने प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस स्थान पर शीघ्र नया डंगा बनाया जाए।

## सुसाइड नोट की लिखावट की होगी फोरेंसिक जांच

**स्टाफ रिपोर्टर-सुंदरनगर**

सुंदरनगर उपमंडल के जयदेवी में महिला शिक्षिका की संदिग्ध आत्महत्या मामले में पुलिस ने जांच और तेज कर दी है। मामले में बरामद सुसाइड नोट की सत्यता की पुष्टि के लिए पुलिस ने मृतका के कार्यस्थल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयदेवी में दबिश देकर उसकी लिखावट से संबंधित रिकॉर्ड और हस्तलेखन के नमूने कब्जे में ले लिए हैं। पुलिस इन नमूनों को प्रदेश फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी एफएसएल जुन्गा, शिमला भेजेगी, जहां विशेषज्ञ सुसाइड नोट की लिखावट का मिलान करेंगे। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद सुसाइड नोट वास्तव में मृतका ने ही लिखा था या नहीं। इसके अलावा पुलिस मृतका के जब्त मोबाइल फोन की कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चैट, संदेशों तथा अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी गहन जांच कर रही है, ताकि आत्महत्या से पहले की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सुसाइड नोट में मृतका ने अपने पति, सास, ससुर और ननद पर बच्चा न होने को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। नोट में यह भी उल्लेख है कि पति की दूसरी शादी कराने की बात कहकर उस पर लगातार दबाव बनाया जाता था, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान थी।

## सलापड़ कालोनी पंचायत में पेयजल योजना की तार ले उड़े चोर

**निजी संवाददाता-डैहर**

सुंदरनगर उपमंडल की सलापड़ कॉलोनी पंचायत में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। 26 जून को खुराहल स्थित प्राचीन भराड़ी माता मंदिर में हुई चोरी का अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इसी बीच बुधवार रात चोरों ने पंचायत की एक पेयजल योजना की बिजली की तार चोरी कर ली, जिससे खुराहल वार्ड में पेयजल संकट पैदा हो गया है। पंचायत प्रधान रजनीश ठाकुर ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब इस पेयजल योजना की बिजली की तार चोरी हुई हो। इससे पहले भी कई बार चोर इस स्कीम को निशाना बना चुके हैंए लेकिन अब तक कोई भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग क्षतिग्रस्त व्यवस्था को दुरुस्त कर योजना को दोबारा चालू करने में जुटा हुआ हैए ताकि लोगों को जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल की जा सके। प्रधान ने कहा कि खुराहल स्थित प्राचीन भराड़ी माता मंदिर में हुई चोरी को भी लगभग एक महीना होने वाला है, लेकिन अब तक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। इस मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस चौकी सलापड़ को ज्ञापन भी सौंपा था। उन्होंने कहा कि पंचायत अब पुलिस के साथ मिलकर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि वे संदिग्ध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखें ।

## अवाहदेवी बस स्टैंड में बेतरतीब पार्किंग

**अवाहदेवी।** अवाहदेवी बस स्टैंड इन दिनों टैक्सियों और निजी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से घिरा हुआ है। बस स्टैंड के आसपास आड़ी-तिरछी खड़ी गाड़ियों के कारण बसों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े होने से मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे बस चालकों को बस निकालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात्रि के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब बसों को सीमित जगह में मोड़ने और यात्रियों को उतारने-चढ़ाने में दिक्कत होती है। कई बार आड़ी-तिरछी खड़ी गाड़ियों के कारण जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग से मांग की है कि अवाहदेवी बस स्टैंड को बेतरतीब पार्किंग से मुक्त करवाया जाए तथा वाहनों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों, बस चालकों और स्थानीय लोगों को परेशानी से निजात मिल सके।

## हिमाचल का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

**सुंदरनगर।** देशभर के टेट प्रभावित शिक्षकों के साझा मुद्दों और आगामी रणनीति पर मंथन के लिए शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैठक में भाग लेने हेतु हिमाचल प्रदेश टेट प्रभावित शिक्षक मोर्चा का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के लिए रवाना हो गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर कर रहे हैं। उनके साथ हितेंद्र साहसी, अशोक शर्माए हरमेश लाल और खेम चंद महंत भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न राज्यों के टेट प्रभावित शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेकर न्यायालय के निर्णयों, राज्यों की वर्तमान स्थितिए कानूनी पहलुओं और आगे की संयुक्त राष्ट्रीय रणनीति पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

**एक नजर**

## जोगिंद्रनगर नगर परिषद अध्यक्ष- उपाध्यक्ष ने ली शपथ


जोगिंद्रनगर: अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते एसडीएम

**जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह आज नगर परिषद के मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया। समारोह में संतोष कुमारी ने अध्यक्ष एवं प्यार चंद ने उपाध्यक्ष के रूप में विधिवत रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उपमंडलाधिकारी नागरिक एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष चौधरी ने दोनों पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर परिषद के सभी पार्षद उपस्थित रहे। समारोह में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के उपरांत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने नगर परिषद क्षेत्र के समग्र विकासए बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

## नेरचौक नगर परिषद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने ली शपथ


नेरचौक: पदभार संभालने पर प्रतिनिधियों को प्रमाणपत्र सौंपती एसडीएम

**नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का आधिकारिक शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को प्रशासनिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। उपमंडलाधिकारी नागरिक एवं निर्वाचन अधिकारी बल्ह समृतिका नेगी ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह पूरी तरह से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें स्थानीय प्रशासन अधिकारी तथा नगर परिषद ईओ हितेश कुमार और नवनिर्वाचित पार्षदों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पदभार संभालने के बाद नए नेतृत्व ने कहा कि नेरचौक शहर की जनसमस्याओं का समाधान करना और विकास कार्यों को तेज गति देना उनकी मुख्य प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों व उपस्थित लोगों ने दोनों पदाधिकारियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट कर सफल कार्यकाल के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## सरकाघाट में कल शपथ लेंगे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

**सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह 20 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे नगर परिषद के बैठक कक्ष में आयोजित किया जाएगा। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्पा देवी और उपाध्यक्ष लाल सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग की अधिसूचना तथा उपायुक्त मंडी के निर्देशों के अनुसार उन्हें नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्पा देवी तथा उपाध्यक्ष लाल सिंह को समारोह में उपस्थित रहने के लिए औपचारिक सूचना जारी कर दी गई है।

## बीडीसी बल्ह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

**नेरचौक।** बल्ह विकास खंड में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को पंचायत समिति बल्ह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन और उपाध्यक्ष सपना को आधिकारिक रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एसडीएम बल्ह ने दोनों युवा व ऊर्जावान पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवाकर कार्यभार सौंपा। इस विशेष अवसर पर एसडीएम बल्ह और खंड विकास अधिकारी बल्ह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रशासन व स्थानीय नेताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व क्षेत्र में जनसेवा की नई मिसाल कायम करेगा, सुशासन को बढ़ावा देगा और पंचायत समिति के तहत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेगा। नए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने भी अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि वे हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

## अन्विक्षा ने हिमाचल में हासिल किया 10वां स्थान


अन्विक्षा ठाकुर

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा के री-इवैल्यूएशन पुनर्मूल्यांकन के नतीजों में लोअर भांबला की होनहार छात्रा अन्विक्षा ठाकुर ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सनराइज पब्लिक स्कूल की इस मेधावी छात्रा ने पुनर्मूल्यांकन के बाद परीक्षा में 690/700 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया है। अन्विक्षा की इस शानदार और ऐतिहासिक उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अन्विक्षा की इस बड़ी सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने खुशी जाहिर करते हुए इसे पूरे विद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि यह सफलता छात्रा की कड़ी मेहनत, अटूट लगन और शिक्षकों व अभिभावकों के कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग का ही परिणाम है।विद्यालय परिवार ने अन्विक्षा ठाकुर के उज्जवल और स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है। साथ ही प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि अन्विक्षा की यह असाधारण सफलता स्कूल और क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक रोल मॉडल बनेगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
मंडी शाखा: सेरी बाजार, समीप इंदिरा मार्केट
अशोका ढाबा के सामने, मंडी हिमाचल प्रदेश-175001
दूरभाष: 6283285079, ई-मेल: MANDI@bankofbaroda.bank.in

ई-नीलामी बिक्री सूचना

**चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**
''अनुलग्नक-IV-ए [ नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें ]

यह स्कैन करें विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6)के प्रावधान को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणी, मोर्टगेजर एवं गारंटरों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का बैंक ऑफ बड़ौदा, सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी निम्न वर्णित खातों में देय राशि की वसूली हेतु **''जैसा है, जहां है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जहां है जैसा के आधार''** पर बिक्री की जाएगी। ऋणी/मोर्टगेजर/गारंटर/सिक्योर्ड परिसंपत्तियों/देय/आरक्षित कीमत/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी तथा बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| ऋणी/गारंटर/ मोर्टगेजर का नाम एवं पता | अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण | कब्जे का प्रकार | कुल देय राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) राशि / बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | मुख्य प्रबंधक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **श्री विजय कुमार शर्मा (ऋणी)** पता:-51/10, थनेरा मोहल्ला, पी.ओ. मंडी, तहसील सदर, पतंजलि चिकित्सालय, मंडी, हिमाचल प्रदेश-175001, श्री संजय कुमार शर्मा पुत्र श्री शेष राम (गारंटर) पता:-362/13 पैट्रोल पंप के पीछे स्योली खड, मंडी हिप्र.-175001 | मोहाल मंगवाई 366/8, तहसील सदर, जिला मंडी, हिप्र.-175001 में स्थित खाता 333 खतौनी सं. 368 और 369, खसरा सं. 2842/3, 2 और 75 कुल माप 111.60 वर्ग मीटर तथा भवन प्रथम तल निर्मित क्षेत्र 40.15 वर्ग मीटर के अधीन सम्मिलित भूमि एवं भवने से युक्त संपत्ति के सभी भाग एवं पार्सल। चौहद्दी: उत्तर: पीडब्ल्यूडी रोड (ओल्ड एनएच-रिवालसर रोड) और इंदिरा मार्केट, दक्षिण: पथवे से टारना मंदिर एवं प्रमोद की दुकान, पूर्व: श्री नवीन कुमार का होटल कृष्णा भवन, पश्चिम: पथवे से टारना मंदिर एवं श्री अनिल ठाकुर का भवन। | भौतिक | रु. 20,62,618/- (मूल राशि)+ रु. 2,93,167.03 (न लागू ब्याज)+रु. 5,150.81 (वापस लौटाया गया ब्याज)+रु. 64,497/- (दण्डात्मक ब्याज), 12.07.2026 तक कुल देय राशि रु. 24,25,432.84+ उगाही तक आगामी ब्याज और प्रभार। | Rs. 26,25,000/- / Rs. 2,62,500/- / Rs. 10,000/- | 06.08.2026 ई-नीलामी का समय-प्रारंभिक समय अप. 02.00 बजे से अंतिम समय सायं 06.00 बजे | 20.07.2026 से 05.08.2026, प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे (केवल पूर्व नियुक्ति के साथ) | मोबाईल सं. 6283285079 |

**संपर्क व्यक्ति का नाम एवं संपर्क संख्या: श्री सुशील शर्मा, मुख्य प्रबंधक, मो. 6283285079**
**ईएमडी प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि: 06.08.2026 को सायं 06.00 बजे तक**
**ई-नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय: 06.08.2026 को अप. 02.00 बजे से सायं 06.00 बजे, ईएमडी भुगतान की विधि: एनईएफटी/ई-पेमेंट गेटवे**

बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htmhttps://Baanknet.com में प्रदान किए गए लिंक पर संपर्क करें, भावी बोलीदाता शाखा प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी से उक्त प्रदान किए गए नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं।
**यह सरफेसी अधिनियम 2002 के अधीन 15 दिनों की वैधानिक सूचना के तौर पर भी समझी जाए**

दिनांक: 18.07.2026 | स्थान: मंडी | प्राधिकृत अधिकारी